# *प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाली कंपनियों के वित्त : 2014-15**

*वर्ष 2014-15 के लिए, चुनिंदा 3,320 गैर-सरकारी गैर-वित्तीय एफडीआई कंपनियों के 31 मार्च 2015 को समाप्त लेखा-परीक्षित वार्षिक लेखों के आधार पर किए जाने वाले वित्तीय निष्पादन के विश्लेषण से पता चला कि अध्ययन अवधि के दौरान योजित सकल मूल्य (जीवीए) की दृष्टि से एफडीआई कंपनियों का निष्पादन गैर-प्रत्यक्ष विदेश कंपनियों की तुलना में बेहतर रहा। 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों के जीवीए की वृद्धि में तेजी आई, जबकि गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में इसमें गिरावट आई। 2014-15 के दौरान, एफडीआई कंपनियों की बिक्री वृद्धि में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई। परिचालनगत व्ययों में वृद्धि होने के कारण परिचालनगत लाभ में वृद्धि कम हुई। 2014-15 के दौरान निवल लाभ (अर्थात करोत्तर लाभ) वृद्धि में तेजी आई। 2014-15 में, बिक्री में वृद्धि की दृष्टि से विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र -दोनों के निष्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ। पण्यों के निर्यातों में पिछले वर्ष के समान ही मंदी बनी रही। 2014-15 में, सकल स्थायी आस्तियों के साथ ही साथ निवल स्थायी आस्तियों की वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में अपेक्षाकृत कम दर से हुई। 2014-15 में परिचालनगत लाभ मार्जिन तथा इक्विटी पर प्रतिलाभ (आरओई) में थोड़ी वृद्धि हुई। प्रत्यक्ष विदेशी कंपनियां अपने कारोबार के विस्तार के लिए मुख्यतः निधियों के बाहरी स्रोतों पर आश्रित रहीं और इन निधियों का प्रयोग प्रमुख रूप से सकल स्थायी आस्तियों के निर्माण के साथ ही साथ गैर-वर्तमान निवेशों में किया गया। इसके अलावा, 2014-15 में निधियों के कुल प्रयोगों में नकद एवं नकद तुल्यों के हिस्से में पिछले वर्ष की तुलना में काफी वृद्धि हुई।*

इस लेख में वर्ष 2014-15 के लिए, चुनिंदा 3,320 गैर-सरकारी गैर-वित्तीय एफडीआई कंपनियों (एफडीआई)[1] , जिन्होंने अपने लेखा 31 मार्च 2015[2] को बंद किए, के लेखा-परीक्षित वार्षिक लेखों के आधार पर किए जाने वाले वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। इसमें लिए गए आंकड़े कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) की प्रणालियों [एक्सटेंजिबल बिजनेस कारोबारी रिपोर्टिंग लेंगवेज (एक्सबीआरएल)] तथा प्रपत्र एओसी-4 (गैर-एक्सआरबीएल प्लेटफॉर्म) पर आधारित हैं। इन कंपनियों में से, 327 कंपनियां सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां थीं और 2,993 कंपनियां निजी लिमिटेड कंपनियों से संबद्ध थीं। इन कंपनियों को 10 प्रमुख देशों और 9 प्रमुख उद्योग समूहों में वर्गीकृत किया गया। किसी कंपनी का किसी देश में वर्गीकरण उस कंपनी में सबसे बड़े एफडीआई हिस्सा-धारक के मूल देश के आधार पर किया गया है। किसी कंपनी को विभिन्न उद्योग समूहों में वर्गीकृत किए जाने के लिए राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण (एनआईसी) 2004 वर्गीकरण[3] पर आधारित कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन) में उपलब्ध गतिविधि कोड से संबंधित सूचना का प्रयोग किया गया।

इस लेख में 2012-13 से 2014-15 की अवधि में चुनिंदा एफडीआई कंपनियों के, संबंधित वित्तीय वर्षों में उन्हीं कंपनियों से संबंधित आंकड़ों पर आधारित, निष्पादन का मूल्यांकन किया गया है। इसके अलावा, इन कंपनियों के निष्पादन की तुलना उन चुनिंदा 2,50,983 गैर-एफडीआई कंपनियों के निष्पादन से भी की गई। इस संबंध में, भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट में 'प्रेस विज्ञप्ति' के अंतर्गत वर्ष 2014-15 के लिए मई 2015 में जारी विवेचनकारी टिप्पणियों सहित एफडीआई कंपनियों के विस्तृत आंकड़ों का संदर्भ लिया जा सकता है।

इन एफडीआई कंपनियों की औद्योगिक संरचना से पता चलता है कि 'कंप्यूटर और संबंधित गतिविधियां' (601)[4], 'थोक एवं खुदरा व्यापार' (234), 'मशीनरी एवं मशीनी उपकरण' (232), 'रसायन एवं रासायनिक उत्पाद' (131) तथा 'यातायात, भंडारण

* यह लेख सांख्यिकी एवं सूचना प्रबंध विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई के कंपनी वित्त प्रभाग में तैयार किया गया। पिछला लेख भारतीय रिज़र्व बैंक बुलेटिन के दिसंबर 2015 अंक में प्रकाशित किया गया था।

[1] भुगतान संतुलन मैन्युअल, छठा अंक (बीपीएम6) तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अंतरराष्ट्रीय निवेश की स्थिति के मैन्युअल के अनुसार एफडीआई 'सीमा-पार से होने वाले निवेश की एक श्रेणी है, जिसमें किसी एक अर्थव्यवस्था के अंतर्गत निवासी का किसी अन्य अर्थव्यवस्था के अंतर्गत निवासी उद्यम के प्रबंध में नियंत्रण होता है या उसका काफी प्रभाव होता है।' बीपीएम6 में यह कहा गया है कि 'प्रत्यक्ष निवेश निकटतम संबंध तब कायम होते हैं, जब प्रत्यक्ष निवेशक के इक्विटी के 10 प्रतिशत या अधिक के मालिक होने से उसे प्रत्यक्ष निवेश किए जाने वाले उद्यम में मतदान करने की शक्तियां प्राप्त होती हैं'।

[2] चुनिंदा 3,320 एनजीएनएफ एफडीआई कंपनियों की वर्ष 2014-15 में चुकता पूंजी, रिज़र्व बैंक की ओर से भारतीय प्रत्यक्ष निवेश कंपनियों के विदेशी देयताओं और आस्तियों संबंधी गणना 2014-15 में रिपोर्ट की गई गैर-वित्तीय एफडीआई कंपनियों की कुल चुकता पूंजी का 21.4 प्रतिशत रही।

[3] उद्योग समूहों का वर्गीकरण पिछले लेख से भिन्न हो सकता है। पिछले लेख में, उद्योग समूह का निर्धारण उस उद्योग के आधार पर किया गया जिसके संबंध में कंपनी ने अपनी कुल आय का 50 प्रतिशत से अधिक प्राप्त होने की रिपोर्ट की थी।

[4] कोष्ठकों में दर्शाई गई संख्याएं कंपनियों की संख्या सूचित करते हैं।

एवं संचार' (110); से संबंधित कंपनियां एफडीआई प्राप्त करने वाली प्रमुख कंपनियां थीं। एफडीआई के उद्गम वाले देशों में संख्या की दृष्टि से अमेरिका की एफडीआई स्रोत कंपनियों की संख्या (675) सर्वाधिक रही। उसके बाद मॉरिशस (563), सिंगापुर (383), यूके (201) एवं जापान (200) की बारी रही।

### *1. वृद्धि : योजित सकल मूल्य (जीवीए) में थोड़ी वृद्धि हुई*

1.1 अध्ययन अवधि, अर्थात 2013-14 से 2014-15 के दौरान, योजित सकल मूल्य की दृष्टि से एफडीआई कंपनियों का निष्पादन गैर-एफडीआई कंपनियों की तुलना में बेहतर रहा। एफडीआई कंपनियों के योजित सकल मूल्य में थोड़ी वृद्धि हुई और 2014-15 में यह बढ़कर 15.8 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 15.6 प्रतिशत था। यह वृद्धि मुख्य रूप से विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के कारण हुई। हालांकि, गैर-एफडीआई कंपनियों के योजित मूल्य में थोड़ी कमी आई। 2014-15 में यह वृद्धि 11.7 प्रतिशत रह गई जो 2013-14 में 12.2 प्रतिशत थी। यह कमी मुख्य रूप से सेवा क्षेत्र में मंदी के कारण हुई (सारणी 1)।

**सारणी 1 : एफडीआई एवं गैर-एफडीआई कंपनियों के जीवीए**

(प्रतिशत)


| मद | एफडीआई कंपनियां | | गैर-एफडीआई कंपनियां | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** |
| **सभी कंपनियां** | **15.6** | **15.8** | **12.2** | **11.7** |
| **विनिर्माण कंपनियां** | 15.3 | 19.8 | 10.8 | 11.2 |
| **सेवा क्षेत्र** | 10.2 | 13.3 | 15.2 | 12.1 |

1.2 2014-15 में चुनिंदा एफडीआई कंपनियों की बिक्री एवं उत्पादन के मूल्य में क्रमशः 13.0 प्रतिशत एवं 13.8 प्रतिशत की उच्चतर दर से वृद्धि हुई जबकि 2013-14 में इनमें 11.0 प्रतिशत एवं 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2014-15 में परिचालनगत व्ययों में भी काफी वृद्धि हुई और बढ़कर यह 13.6 प्रतिशत हो गई जो 2013-14 में 8.9 प्रतिशत थी (चार्ट 1)।

1.3 2014-15 में परिचालनगत व्यय में हुई वृद्धि के कारण परिचालनगत लाभ में कमी आई और यह 14.6 प्रतिशत रह गया जो 2013-14 में 16.2 प्रतिशत था। हालांकि, 2014-15 में निवल लाभ (पीएटी) में 19.7 प्रतिशत की उच्चतर दर से वृद्धि हुई जो 2013-14 में 11.8 प्रतिशत थी। इस वृद्धि का मुख्य कारण वर्ष के दौरान ब्याज पर व्यय की वृद्धि में मंदी होना रहा (चार्ट 1)।

1.4 2014-15 में एफडीआई कंपनियों के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों -दोनों में पिछले वर्ष की तुलना में तेजी आई। 2014-15

**चार्ट 1 : एफडीआई कंपनियों की चुनिंदा मुख्य मदों की वृद्धि दर**



में 'रसायन एवं रासायनिक उत्पादों' तथा 'रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पाद' को छोड़कर, विनिर्माण क्षेत्र में सभी उद्योग समूहों की बिक्री में वृद्धि हुई। 2014-15 में 'कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधियों' को छोड़कर, सेवा क्षेत्र में सभी उद्योग समूहों की बिक्री में वृद्धि हुई (विवरण 1)।

1.5 2014-15 के दौरान एफडीआई कंपनियों के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के परिचालनगत लाभ में तेजी आई। विनिर्माण क्षेत्र में, 'रसायन एवं रासायनिक उत्पाद' को छोड़कर सभी उद्योग समूहों के परिचालनगत लाभ की वृद्धि तेज हुई। 2014-15 के दौरान सेवा क्षेत्र में, 'यातायात', 'भंडार एवं संचार' उद्योग के परिचालनगत लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि देखी गई (विवरण 1)।

1.6 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों के विपरीत, गैर-एफडीआई कंपनियों की बिक्री वृद्धि 6.4 प्रतिशत रह गई, जो 2013-14 में 10.0 प्रतिशत थी। गैर-एफडीआई कंपनियों के परिचालनगत व्यय में 2014-15 में पिछले वर्ष की तुलना में कमी आई। 2014-15 में, गैर-एफडीआई कंपनियों के विनिर्माण तथा सेवा क्षेत्रों के परिचालनगत लाभ में पिछले वर्ष की तुलना में कमी आई (विवरण 1)।

## 2. विदेशी मुद्रा आय में बेहतर वृद्धि हुई जबकि व्यय में कमी आई

2.1 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों की विदेशी मुद्रा की कुल आय बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गई, जो 2013-14 में 3.5 प्रतिशत थी। हालांकि, 2014-15 में विदेशी मुद्रा के कुल व्यय में 9.4 प्रतिशत की कमी आई, जो 2013-14 में 10.0 प्रतिशत की दर से बढ़ा था (चार्ट 1)।

2.2 2014-15 में, पण्यों के निर्यात में विगत वर्ष की भांति कमी जारी रही। अध्ययन अवधि के दौरान एफडीआई कंपनियों की बिक्री (बिक्री अनुपात की तुलना निर्यात के रूप में माप की गई) की निर्यात तीव्रता में लगातार गिरावट आई और 2014-15 में यह 8.4 प्रतिशत रही। एफडीआई शेयर की श्रेणियों के मध्य, '25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत' एफडीआई शेयर श्रेणी के अंतर्गत विभाजित कंपनियों के निर्यात में तीव्र वृद्धि हुई, जो व्यापक रूप से बेस प्रभाव के कारण हुआ, जबकि एफडीआई की अन्य शेयर श्रेणियों में मंदी बनी रही। इसके अलावा, 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र के निर्यात में मंदी बनी रही। हालांकि, 2014-15 में सेवा क्षेत्र की निर्यात वृद्धि में इजाफा हुआ, जिसका श्रेय मुख्य रूप से 'कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधि' को जाता है (विवरण 1 एवं विवरण 2)।

2.3 2014-15 में एफडीआई कंपनियों का आयात 9.2 प्रतिशत कम हुआ जो 2013-14 में 8.2 प्रतिशत था। 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र का आयात 11.1 प्रतिशत घटा, जिसमें 2013-14 में इसमें 4.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 'खाद्य उत्पाद एवं पेय', 'मोटर वाहन एवं अन्य यातायात उपस्कर' एवं 'विद्युतीय मशीनरी एवं उपकरण' उद्योगों के निर्यात में मंदी देखी गई। 2014-15 में सेवा क्षेत्र के आयात में भी तेजी से गिरावट आई, जिसका श्रेय 'थोक एवं खुदरा व्यापार', तथा 'कंप्यूटर एवं संबंधित गतिविधि' को जाता है जिनमें 2014-15 में क्रमशः 27.6 प्रतिशत एवं 3.7 प्रतिशत की गिरावट आई (विवरण 1)।

2.4 2014-15 में गैर-एफडीआई कंपनियों के निर्यात एवं आयात -दोनों में कमी आई। 2014-15 में निर्यात में 4.1 प्रतिशत की कमी आई जबकि 2013-14 में इसमें 11.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2013-14 एवं 2014-15 -दोनों वर्षों में भी आयात में मंदी जारी रही। गैर-एफडीआई कंपनियों के आयातों और निर्यातों में मंदी मुख्य रूप से विनिर्माण क्षेत्र के कारण रही। 2014-15 में गैर-एफडीआई कंपनियों की निर्यात तीव्रता घटकर 13.5 प्रतिशत रह गई, जो 2013-14 में 15.0 प्रतिशत थी (विवरण 1 एवं विवरण 2)।

2.5 2014-15 में एफडीआई और गैर-एफडीआई -दोनों कंपनियों की कुल आय में विदेशी मुद्राओं में होने वाली कमाई के हिस्से में कमी आई। एफडीआई एवं गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल आय में सामानों के वाणिज्यिक निर्यात के हिस्से में 2014-15 में पिछले वर्ष की तुलना में गिरावट आई (सारणी 2)।

**सारणी 2 : चुनिंदा एफडीआई तथा गैर-एफडीआई कंपनियों के कुल व्यय एवं आय में विदेशी मुद्रा व्यय एवं आय का हिस्सा**

(प्रतिशत)

| मद | एफडीआई कंपनियां | | | गैर-एफडीआई कंपनियां | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
| विदेशी मुद्रा में व्यय | 24.1 | 24.0 | 19.0 | 22.2 | 20.5 | 18.7 |
| *जिसमें से,* आयात का मूल्य (सी.आई.एफ. आधार) | 18.8 | 18.5 | 14.7 | 19.2 | 17.1 | 15.1 |
| **कुल व्यय** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |
| विदेशी मुद्रा में कुल आय | 16.5 | 15.5 | 14.2 | 19.3 | 20.2 | 19.1 |
| *जिसमें से,* वस्तुओं का निर्यात (एफओबी आधार) | 10.4 | 9.3 | 8.1 | 14.3 | 14.5 | 13.0 |
| **कुल आय** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

2.6 अध्ययन अवधि अर्थात 2012-13 से 2014-15 के दौरान एफडीआई एवं गैर-एफडीआई -दोनों कंपनियों के कुल व्यय में विदेशी मुद्रा व्यय के हिस्से में कमी आई। यह कमी मुख्य रूप से आयात के हिस्से में गिरावट के कारण हुई (सारणी 2)।


## 3. अनुसंधान एवं विकास व्यय की वृद्धि में कमी आई

3.1 2014-15 में अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) व्यय की वृद्धि घटकर 11.9 प्रतिशत रह गई जो 2013-14 में 27.1 प्रतिशत थी। हालांकि, 2014-15 में रायल्टी भुगतान की वृद्धि 29.6 प्रतिशत की उच्चतर दर से वृद्धि हुई, जो 2013-14 में 13.1 प्रतिशत थी (चार्ट 2)।

3.2 2014-15 में बिक्री की तुलना में अनुसंधान एवं विकास का अनुपात 0.033 प्रतिशत के स्तर पर अपरिवर्तित रहा, जबकि 2014-15 में बिक्री की तुलना में रायल्टी भुगतान के अनुपात में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई (चार्ट 3)।


3.3 एफडीआई शेयर श्रेणियों के अंतर्गत '50 प्रतिशत एवं अधिक' के एफडीआई शेयर श्रेणी वाली कंपनियों के अनुसंधान एवं विकास व्यय में 2014-15 में 12.3 प्रतिशत की काफी गिरावट आई जो 2013-14 में 35.9 प्रतिशत थी। 2014-15 के दौरान अनुसंधान एवं विकास व्यय में गिरावट विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र -दोनों उद्योगों में देखी गई (विवरण 1)।

**चार्ट 2: रायल्टी तथा अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर व्यय में वृद्धि**




3.4 2014-15 में विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में रायल्टी भुगतान में काफी वृद्धि हुई। 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित रायल्टी भुगतान की वृद्धि बढ़कर 30.7 प्रतिशत हो गई, जो पिछले वर्ष 19.4 प्रतिशत थी। 2014-15 में सेवा क्षेत्र से संबंधित रायल्टी भुगतान भी तेजी के साथ बढ़कर 30.9 प्रतिशत हो गया, जो 2013-14 में कम होकर 9.1 प्रतिशत रह गया था (विवरण 1)।

**चार्ट 3 : बिक्री की तुलना में रायल्टी तथा अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) अनुपात**



3.5 गैर-एफडीआई कंपनियों के संबंध में अनुसंधान एवं विकास व्यय 2014-15 में घटकर 6.0 प्रतिशत रह गया जो 2013-14 में 8.9 प्रतिशत था। वहीं पर, 2014-15 में रायल्टी भुगतान में वृद्धि बढ़कर 28.3 प्रतिशत हो गई, जो 2013-14 में 11.0 प्रतिशत थी (विवरण 1)।

## 4. कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में कमी आई

4.1 2014-15 में एफडीआई कंपनियों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि कम होकर 12.6 प्रतिशत रह गई जो पिछले वर्ष 14.0 प्रतिशत थी। हालांकि, '25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक' की एफडीआई हिस्सेदारी वाली कंपनियों के रूप में वर्गीकृत कंपनियों की कुल निवल आस्तियों में वृद्धि हुई (विवरण 1)।

4.2 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र की कुल निवल आस्ति वृद्धि में थोड़ी कमी आई, जबकि 'खाद्य उत्पादों एवं पेय' तथा 'रसायन एवं रासायनिक उत्पाद' को छोड़कर सेवा क्षेत्र में इसमें वृद्धि हुई। अन्य सभी उद्योग समूहों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में इस दौरान कमी आई। 2014-15 में सेवा क्षेत्र में कुल निवल आस्तियां थोड़ा बढ़कर 16.2 प्रतिशत हो गईं जो 2013-14 में 15.1 प्रतिशत थीं। इस वृद्धि में 'थोक एवं खुदरा व्यापार' तथा 'यातायात, भंडार एवं संचार' उद्योगों का प्रमुख योगदान रहा (विवरण 1)।


4.3 2014-15 में एफडीआई कंपनियों की ही तरह गैर-एफडीआई कंपनियों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में भी कमी आई। 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में कमी आई, जबकि सेवा क्षेत्र की कुल निवल आस्तियों में तेजी आई, जो मुख्य रूप से 'कंप्यूटर और संबंधित गतिविधियां' उद्योग के कारण थी (विवरण 1)।

## 5. लाभप्रदता अनुपातों में थोड़ी वृद्धि हुई

5.1 2014-15 में एफडीआई कंपनियों के लाभप्रदता अनुपातों में, जिनकी माप परिचालनगत लाभ मार्जिन के साथ ही साथ आरओई (इक्विटी पर प्रतिलाभ - निवल मालियत की तुलना में करोत्तर लाभ के अनुपात के रूप में मापा गया) के रूप की गई, पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ी वृद्धि हुई (चार्ट 4)।

5.2 2014-15 के दौरान '40 प्रतिशत एवं अधिक' एफडीआई हिस्सेदारी वाली श्रेणी में वर्गीकृत कंपनियों तथा विनिर्माण क्षेत्र से संबंधित परिचालनगत लाभ मार्जिन के साथ ही साथ आरओई में वृद्धि हुई। दूसरी तरफ, सेवा क्षेत्र से संबंधित परिचालनगत मार्जिन के साथ ही साथ आरओई में तीन वर्षों के दौरान तेजी से कमी आई (विवरण 2)।

**चार्ट 4 : एफडीआई कंपनियों के लाभ मार्जिन**





5.3 2014-15 में गैर-एफडीआई कंपनियों से संबंधित परिचालनगत लाभ मार्जिन एवं आरओई -दोनों में 2013-14 की तुलना में थोड़ी सुधार हुआ। अध्ययन अवधि के दौरान विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र -दोनों के परिचालनगत लाभ मार्जिन एवं आरओई में सुधार आया (विवरण 2)।

## 6. लिवरेज अनुपात में गिरावट आई और ब्याज व्याप्ति अनुपात में सुधार हुआ

6.1 2014-15 में एफडीआई कंपनियों का लिवरेज अनुपात (इक्विटी की तुलना में कुल उधार के अनुपात के रूप में मापा गया) घटकर 70.3 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले वर्ष यह अनुपात 77.6 प्रतिशत था। इसके अलावा, 2014-15 में ब्याज व्याप्ति अनुपात (ब्याज व्यय की तुलना में ब्याज एवं कर पूर्व आय के अनुपात के रूप में मापा गया) बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 4.1 प्रतिशत था (चार्ट 5)।

6.2 '25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक' की श्रेणी के अंतर्गत वर्गीकृत कंपनियों को छोड़कर एफडीआई शेयर की सभी श्रेणियों के लिवरेज अनुपात में कमी आई। 2014-15 के दौरान विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों के लिवरेज अनुपात में गिरावट आई। विनिर्माण क्षेत्र में, 'रबड़ एवं प्लास्टिक उत्पाद' उद्योग को छोड़कर सभी उद्योग समूहों के लिवरेज अनुपात में गिरावट आई (विवरण 2)।

**चार्ट 5 : एफडीआई कंपनियों का लिवरेज एवं उनकी कर्ज अदायगी क्षमता**




6.3 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों के विपरीत गैर-एफडीआई कंपनियों का लिवरेज अनुपात बढ़कर 72.1 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 71.3 प्रतिशत था। इस वृद्धि में सेवा क्षेत्र का योगदान रहा। हालांकि, 2014-15 में विनिर्माण क्षेत्र का लिवरेज अनुपात घटकर 52.7 प्रतिशत रह गया जो पिछले वर्ष 54.8 प्रतिशत था (विवरण 2)।

## 7. देयताओं की संरचना : कुल देयताओं में हिस्सा धारकों की निधि के हिस्से में थोड़ी वृद्धि हुई

7.1 2014-15 में एफडीआई कंपनियों की कुल देयताओं में हिस्सा धारकों की निधि के हिस्से में थोड़ा इजाफा हुआ और यह बढ़कर 41.0 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 40.4 प्रतिशत था। इसका श्रेय मुख्य रूप से 'शेयर पूंजी' तथा 'आरक्षित निधि एवं अधिशेष' को जाता है। 2014-15 में कुल देयताओं में अल्पावधि एवं दीर्घावधि उधारियों का हिस्सा घटकर क्रमशः 7.8 प्रतिशत एवं 21.2 प्रतिशत रह गया, जो 2013-14 में क्रमशः 10.2 प्रतिशत एवं 21.3 प्रतिशत था। इस वृद्धि में बैंकों से उधार की अपेक्षाकृत कम हिस्सेदारी का योगदान रहा (विवरण 3)।

7.2 2014-15 में एफडीआई कंपनियों से संबंधित कुल देयताओं में हिस्सा धारकों की निधि के हिस्से के साथ ही साथ दीर्घावधि उधारियों के हिस्से में थोड़ी वृद्धि हुई, जबकि 2014-15 में कुल देयताओं में अल्पावधि उधारियों के हिस्से में कमी आई (विवरण 3)।

## 8. आस्ति संरचना : कुल आस्तियों में सकल स्थायी आस्तियों के हिस्से में कमी आई

8.1 2014-15 में कुल आस्तियों में सकल स्थायी आस्तियों का हिस्सा, जो एफडीआई कंपनियों की कुल आस्तियों का प्रमुख घटक था, घटकर 51.7 प्रतिशत रह गया जो 2013-14 में 52.8 प्रतिशत था। इस कमी में मूर्त आस्तियों का प्रमुख योगदान रहा। हालांकि, 2014-15 में कुल आस्तियों में वर्तमान से इतर निवेशों का हिस्सा बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 6.4 प्रतिशत था। 2014-15 में कुल आस्तियों में वर्तमान निवेशों तथा 'नकद एवं नकदी-तुल्य' के हिस्से में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई (विवरण 3)।

8.2 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों के विपरीत गैर एफडीआई कंपनियों की कुल आस्तियों में सकल स्थायी आस्तियों का हिस्सा बढ़कर 38.9 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 37.6 प्रतिशत था। हालांकि, 2014-15 में कुल आस्तियों में वर्तमान से इतर निवेशों के हिस्से में थोड़ी कमी आई (विवरण 3)।

## 9. निधियों के स्रोत : कारोबार के विस्तार में बाहरी स्रोतों का प्रभुत्व बना रहा और निधियों के स्रोत में इसका हिस्सा बढ़ा

9.1 चुनिंदा एफडीआई कंपनियां अपने कारोबारी विस्तार के लिए मुख्य रूप से बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहीं और 2014-15 में उनका हिस्सा बढ़कर 62.4 प्रतिशत हो गया, जो 2013-14 में 60.4 प्रतिशत था। इस वृद्धि में मुख्य रूप से 'शेयर पूंजी' एवं 'कारोबारी देय' का योगदान रहा। 2014-15 में निधियों के कुल स्रोतों में कारोबारी देय राशियों का हिस्सा काफी बढ़कर 15.9 प्रतिशत हो गया, जो 2013-14 में 8.1 प्रतिशत था (विवरण 4)।

9.2 2014-15 में, निधियों के कुल स्रोतों में निधियों के आंतरिक स्रोतों का हिस्सा घटकर 37.6 प्रतिशत रह गया, जो 2013-14 में 39.6 प्रतिशत था। इस कमी का मुख्य कारण शेयर प्रावधानों में कमी होना रहा (विवरण 4)।

9.3 2014-15 में, एफडीआई कंपनियों के विपरीत, गैर-एफडीआई कंपनियों की निधियों के कुल स्रोतों में निधियों के बाहरी स्रोतों का हिस्सा घटकर 67.8 प्रतिशत रह गया जो 2013-14 में 70.9 प्रतिशत था। इस कमी में अल्पावधि उधारियों के माध्यम से जुटाई गई निधियों में गिरावट का मुख्य योगदान रहा। 2014-15 में निधियों के कुल स्रोतों में निधियों के आंतरिक स्रोतों का हिस्सा

बढ़कर 32.2 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 29.1 प्रतिशत था (विवरण 4)।

## 10. निधियों का अनुप्रयोग : सकल स्थायी आस्ति निर्माण के हिस्से में काफी गिरावट आई

10.1 2014-15 में एफडीआई कंपनियों से संबंधित निधियों के कुल अनुप्रयोग में सकल स्थायी आस्तियों के निर्माण का हिस्सा काफी घटकर 37.8 प्रतिशत रह गया, जो 2013-14 में 54.0 प्रतिशत था। इसके अलावा, 2014-15 में निधियों के कुल अनुप्रयोग में दीर्घावधि ऋणों एवं अग्रिमों के हिस्से में कमी आई। हालांकि, 2014-15 में निधियों के कुल अनुप्रयोग में वर्तमान से इतर निवेशों का हिस्सा काफी बढ़कर 14.8 प्रतिशत हो गया जो 2013-15 में 2.2 प्रतिशत था (विवरण 4)।

10.2 2014-15 में निधियों के कुल अनुप्रयोगों में वर्तमान आस्तियों का हिस्सा काफी बढ़कर 47.7 प्रतिशत हो गया जो 2013-14 में 22.2 प्रतिशत था। इस वृद्धि में 'नकद एवं नकदी तुल्य' में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा, जिनका हिस्सा 2014-15 में बढ़कर 13.0 प्रतिशत हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसमें 1.2 प्रतिशत की कमी हुई थी (विवरण 4)।

10.3 2014-15 में एफडीआई कंपनियों के विपरीत, गैर-एफडीआई कंपनियों से संबंधित निधियों के कुल अनुप्रयोगों में सकल स्थायी आस्तियों के निर्माण के हिस्से में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि हुई। हालांकि, 2014-15 में निधियों के कुल अनुप्रयोग में वर्तमान से इतर निवेशों का हिस्सा घटकर 13.7 प्रतिशत रह गया जो 2013-14 में 20.0 प्रतिशत था (विवरण 4)।

## 11. निष्कर्ष

11.1 अध्ययन अवधि के दौरान चुनिंदा एफडीआई कंपनियों का निष्पादन गैर-एफडीआई कंपनियों की तुलना में बेहतर रहा। 2014-15 में एफडीआई कंपनियों के जीवीए में तेज वृद्धि हुई, जबकि गैर-एफडीआई कंपनियों के मामले में इसमें मंदी आई। 2014-15 में एफडीआई कंपनियों की बिक्री के वृद्धि में पिछले वर्ष की तुलना में तेजी आई। 2014-15 में एफडीआई कंपनियों से संबंधित विनिर्माण एवं सेवा -दोनों क्षेत्रों के, बिक्री में वृद्धि की दृष्टि से, निष्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार आया। हालांकि, परिचालनगत लाभों की वृद्धि मंद हुई, जिसका मुख्य कारण परिचालनगत व्ययों की वृद्धि में तेजी होना रहा। 2014-15 में परिचालनगत लाभ मार्जिन के साथ ही साथ आरओई (इक्विटी पर प्रतिलाभ - निवल मालियत की तुलना में करोत्तर लाभ के अनुपात के रूप में मापा गया) में थोड़ी वृद्धि हुई। व्यापारिक वस्तुओं के निर्यात के साथ ही साथ आयात पिछले वर्ष की भांति मंद रहे।

11.2 एफडीआई कंपनियों की कुल निवल आस्तियों की वृद्धि में वर्ष के दौरान कमी आई। 2014-15 में लिवरेज अनुपात में गिरावट आई और एफडीआई कंपनियों की कर्ज अदायगी में पिछले वर्ष की तुलना में सुधार हुआ। एफडीआई कंपनियां अपने कारोबार के विस्तार के लिए मुख्य रूप से निधियों के बाहरी स्रोतों पर निर्भर रहीं और इन निधियों का प्रयोग प्रमुख रूप से सकल स्थायी आस्ति निर्माण के साथ ही साथ वर्तमान से इतर निवेश के लिए किया गया। इसके अलावा, 2014-15 में निधियों के कुल अनुप्रयोग में नकद एवं नकदी तुल्यों के हिस्से में पिछले वर्ष की तुलना में काफी वृद्धि हुई।

## विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंडों की वृद्धि दर *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| एफडीआई कंपनियां | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बिक्री में वृद्धि | | परिचालनगत व्यय में वृद्धि | | परिचालनगत लाभ में वृद्धि | | निवल मालियत में वृद्धि | |
| **वर्ष** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **11.0** | **13.0** | **8.9** | **13.6** | **16.2** | **14.6** | **11.8** | **19.7** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 18.4 | 5.0 | 14.2 | 7.8 | 28.5 | 2.4 | 34.8 | 28.8 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 8.0 | 13.8 | 8.0 | 14.4 | 5.8 | 17.9 | 7.3 | 9.9 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 8.7 | 16.0 | 7.3 | 15.5 | 12.9 | 20.9 | 7.8 | 19.3 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | | | |
| फ्रांस | 17.3 | 5.8 | 14.2 | 9.0 | 28.4 | -9.4 | 38.3 | -11.8 |
| जर्मनी | -5.0 | *15.4* | -4.6 | 13.7 | -3.7 | 26.6 | 4.9 | 51.8 |
| जापान | 14.0 | *12.1* | 11.5 | 11.5 | 28.0 | 21.3 | 8.3 | 40.4 |
| मारीशस | 11.9 | *10.4* | 8.8 | 10.3 | 22.8 | 12.8 | 46.2 | 18.4 |
| नीदरलैंड | 11.9 | *18.2* | 7.1 | 14.7 | 20.2 | 30.3 | -4.3 | 22.6 |
| सिंगापुर | 13.9 | *26.7* | 16.5 | 30.0 | -9.0 | -23.5 | -89.8 | # |
| स्विटजरलैंड | 4.0 | *9.2* | 3.9 | 8.5 | -2.2 | 13.3 | 14.3 | 12.6 |
| यूएई | 28.3 | *25.6* | 29.2 | 13.0 | 77.3 | 58.4 | # | # |
| यूके | 18.9 | *10.0* | 16.0 | 14.5 | 26.7 | 1.4 | 28.9 | 4.7 |
| यूएसए | 13.1 | *13.5* | 9.9 | 13.5 | 14.1 | 18.0 | 10.1 | 16.4 |
| अन्य | 7.8 | *7.4* | 4.2 | 10.1 | 3.1 | 5.8 | -0.4 | 19.6 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **8.9** | **12.1** | **6.7** | **11.8** | **15.4** | **21.0** | **4.8** | **30.5** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 9.0 | 13.3 | 7.4 | 10.0 | 90.1 | 90.8 | 144.0 | # |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 16.1 | 8.5 | 6.0 | 13.0 | 23.7 | 6.2 | 3.5 | 0.1 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 16.2 | 14.4 | 17.6 | 12.5 | -6.1 | 33.8 | -30.9 | 62.2 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 0.8 | 13.5 | -1.2 | 13.1 | 10.4 | 20.9 | 3.6 | 14.6 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 5.0 | 15.4 | 5.9 | 12.6 | -0.7 | 36.8 | -7.5 | 32.2 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 9.4 | 18.2 | 9.3 | 15.2 | -2.1 | 55.7 | -102.2 | # |
| **सेवाएं** | **13.8** | **19.9** | **14.4** | **23.2** | **6.7** | **6.8** | **7.4** | **-2.9** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 27.5 | 47.9 | 21.5 | 67.9 | -1.4 | -55.7 | -27.7 | -195.8 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 17.7 | 15.9 | 16.8 | 17.6 | 19.2 | 12.7 | 24.6 | 13.3 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | -0.2 | 21.4 | 0.9 | 24.3 | -3.1 | 13.9 | 4.5 | -4.7 |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **10.0** | **6.4** | **10.2** | **5.5** | **10.6** | **9.9** | **6.0** | **13.6** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **9.0** | **4.7** | **8.9** | **4.0** | **9.5** | **8.5** | **4.5** | **14.1** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 12.0 | 5.5 | 15.2 | 2.3 | 7.2 | 8.7 | -1.5 | 13.0 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 12.9 | 12.6 | 13.8 | 12.2 | 9.1 | 16.4 | -8.8 | 35.4 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 8.3 | 9.0 | 7.1 | 6.5 | 24.0 | 17.2 | 28.9 | 19.7 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | -5.0 | 12.4 | -5.0 | 10.0 | -11.5 | 60.7 | -49.8 | 106.9 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 5.8 | 8.4 | 5.8 | 8.6 | 9.5 | 7.6 | 1.7 | 20.3 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 8.9 | 11.0 | 8.6 | 9.4 | 9.6 | 20.2 | 0.3 | 39.3 |
| **सेवाएं** | **9.6** | **8.7** | **9.3** | **7.8** | **13.2** | **11.0** | **13.9** | **18.4** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 9.5 | 9.7 | 11.2 | 8.7 | 8.9 | 21.1 | -9.7 | 27.7 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 9.7 | 16.1 | 7.9 | 17.7 | 19.1 | 9.3 | 26.7 | 1.2 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 3.4 | 8.0 | 1.4 | 8.8 | 9.7 | 7.5 | 6.1 | 10.3 |

# : अंश अथवा हर ऋणात्मक, शून्य अथवा नगण्य हैं।

## विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों की वृद्धि दर *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| | जीवीए में वृद्धि | | कुल उधारियों में वृद्धि | | कुल निवल आस्तियों में वृद्धि | | निर्यात में वृद्धि | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **15.6** | **15.8** | **23.1** | **3.7** | **14.0** | **12.6** | **-1.0** | **-0.8** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 23.6 | 4.3 | 22.7 | -4.5 | 14.6 | 10.3 | 18.8 | -1.0 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 7.3 | 19.6 | 5.5 | 27.1 | 11.0 | 16.9 | -18.0 | 13.3 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 14.3 | 19.8 | 35.6 | 3.8 | 14.5 | 12.8 | -3.3 | -3.5 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | | | |
| फ्रांस | 24.8 | 1.8 | 17.9 | 16.2 | 19.1 | 8.6 | 11.1 | -13.0 |
| जर्मनी | 1.7 | *26.1* | -14.0 | -9.6 | 3.6 | 9.6 | 4.9 | 40.2 |
| जापान | 25.5 | *20.4* | 44.8 | -4.0 | 18.7 | 9.6 | 2.8 | 5.8 |
| मारीशस | 19.5 | *15.3* | 11.6 | -1.5 | 9.8 | 13.0 | -23.1 | 2.1 |
| नीदरलैंड | 14.8 | *22.1* | 72.2 | -7.1 | 18.5 | 16.2 | -35.5 | 64.2 |
| सिंगापुर | 10.2 | *10.4* | 51.3 | 32.1 | 33.6 | 24.7 | 0.9 | -37.5 |
| स्विटजरलैंड | 1.4 | *14.4* | 74.6 | -9.9 | 9.1 | 6.4 | 32.5 | 12.4 |
| यूएई | 58.6 | *48.2* | 17.4 | -8.1 | 51.7 | 21.0 | 9.2 | -57.8 |
| यूके | 25.9 | *3.7* | -5.0 | 23.5 | 19.3 | 9.7 | -11.8 | -15.7 |
| यूएसए | 14.2 | *16.6* | 17.6 | -7.0 | 9.9 | 15.7 | 13.1 | -2.3 |
| अन्य | 5.4 | *7.8* | 4.5 | 7.9 | 4.9 | 8.4 | 1.2 | -2.5 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **15.3** | **19.8** | **37.8** | **-6.5** | **14.0** | **12.3** | **-5.8** | **-6.2** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 51.4 | 61.9 | 52.8 | -30.1 | 7.0 | 8.4 | -15.3 | -57.1 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 21.1 | 7.7 | -1.1 | 6.5 | 2.8 | 15.6 | -4.1 | -1.7 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 3.9 | 25.5 | 64.4 | 35.5 | 16.1 | 7.2 | 27.2 | 8.8 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 12.2 | 20.3 | 4.1 | -39.1 | 11.9 | 7.2 | -6.9 | 2.1 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 5.3 | 29.0 | 4.7 | 10.8 | 10.6 | 7.1 | -27.5 | -2.9 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 9.5 | 28.2 | 43.9 | 5.5 | 14.3 | 12.0 | -0.1 | 13.4 |
| **सेवाएं** | **10.2** | **13.3** | **22.7** | **14.2** | **15.1** | **16.2** | **19.7** | **21.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 5.9 | -22.9 | 7.0 | 7.0 | 9.5 | 22.4 | 57.5 | 7.0 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 17.4 | 14.8 | 110.2 | 5.9 | 31.2 | 24.4 | -15.8 | 78.5 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | -3.4 | 19.9 | 2.7 | -1.5 | 6.3 | 8.6 | -80.1 | -100.0 |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **12.2** | **11.7** | **19.8** | **11.4** | **12.0** | **9.8** | **11.8** | **-4.1** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **10.8** | **11.2** | **16.3** | **7.0** | **11.0** | **9.3** | **11.3** | **-7.4** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 8.1 | 9.5 | 9.8 | 4.7 | 9.8 | 3.9 | 5.9 | -7.2 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 10.3 | 19.6 | 9.9 | 11.7 | 10.5 | 17.8 | 21.9 | 13.2 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 21.3 | 17.4 | 4.2 | 1.4 | 10.9 | 8.4 | 9.8 | 15.3 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 1.5 | 35.2 | 4.2 | -2.5 | 3.3 | 10.8 | 21.9 | -4.3 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 8.2 | 7.9 | 12.9 | -1.2 | 8.1 | 6.1 | 32.1 | 3.6 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 10.7 | 17.5 | 12.6 | 5.5 | 10.3 | 7.6 | -52.2 | -2.7 |
| **सेवाएं** | **15.2** | **12.1** | **16.4** | **14.6** | **9.9** | **10.1** | **-2.8** | **14.6** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 9.6 | 19.3 | 21.6 | 2.3 | 6.4 | 5.8 | 18.2 | 13.8 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 17.6 | 12.8 | 62.8 | 22.6 | 12.8 | 20.7 | -0.7 | 77.4 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 9.9 | 9.6 | 18.4 | 15.5 | 12.8 | 11.7 | -23.8 | 171.5 |

# : गुणांक ऋणात्मक, शून्य अथवा नगण्य हैं।

## विवरण 1 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों की वृद्धि दर *(समाप्त)*

(प्रतिशत)

| एफडीआई कंपनियां | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आयात में वृद्धि | | आर एंड डी व्यय में वृद्धि | | रॉयल्टी भुगतान में वृद्धि | |
| वर्ष | 2013-14 | 2014-15 | 2013-14 | 2014-15 | 2013-14 | 2014-15 |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **8.2** | **-9.2** | **27.1** | **11.9** | **13.1** | **29.6** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 33.7 | 5.7 | 9.0 | 11.0 | -0.3 | 29.8 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 16.0 | -17.2 | -29.0 | 5.3 | -31.7 | 22.7 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | -1.2 | -14.9 | 35.9 | 12.3 | 18.4 | 30.0 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | |
| फ्रांस | 24.1 | -25.6 | # | 91.2 | 43.0 | 85.9 |
| जर्मनी | -7.4 | *10.2* | 57.6 | 26.5 | # | 12.1 |
| जापान | 22.2 | *-1.4* | 122.0 | -28.6 | 29.8 | 47.9 |
| मारीशस | 17.4 | *0.2* | 67.3 | 40.8 | -0.4 | 20.9 |
| नीदरलैंड | 16.3 | *2.2* | -100.0 | # | -68.6 | 45.4 |
| सिंगापुर | 9.3 | *-42.8* | 128.4 | 12.4 | 1.8 | 34.3 |
| स्विटजरलैंड | 11.5 | *6.3* | # | -25.7 | 110.7 | 7.1 |
| यूएई | 38.2 | *66.1* | 82.5 | 13.7 | -55.4 | -100.0 |
| यूके | -24.4 | *16.6* | -84.9 | # | 33.1 | 18.7 |
| यूएसए | -6.4 | *20.7* | -51.7 | - | 1.9 | 77.3 |
| अन्य | -5.4 | *-21.5* | -1.3 | 9.9 | 2.7 | 7.6 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **4.0** | **-11.1** | **22.1** | **4.3** | **19.4** | **30.7** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 18.9 | -58.6 | 28.2 | 23.4 | 44.0 | 66.9 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | -9.5 | 24.4 | 81.1 | 14.6 | 21.6 | 7.3 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | -2.6 | 12.7 | 24.4 | 49.7 | 11.7 | -1.9 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | -10.3 | -4.7 | -25.5 | 71.5 | 11.3 | 15.3 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | -19.1 | 9.7 | -30.6 | 14.5 | -25.6 | 20.5 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 71.3 | -26.3 | 69.5 | -37.5 | 113.9 | 18.6 |
| **सेवाएं** | **22.4** | **8.1** | **41.2** | **29.6** | **-9.1** | **30.9** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 14.0 | -27.6 | -98.9 | # | 38.4 | 29.5 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 139.8 | -3.7 | # | 12.5 | # | 4.2 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 87.2 | 140.2 | # | # | # | # |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **-2.0** | **-5.5** | **8.9** | **6.0** | **11.0** | **28.3** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **2.8** | **-7.5** | **0.2** | **7.5** | **10.2** | **28.6** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 2.0 | 5.6 | -5.5 | -30.5 | -15.9 | 7.3 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 12.0 | 4.0 | 1.0 | 10.5 | 17.9 | 22.5 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 3.6 | 1.9 | 159.0 | 7.4 | 124.4 | 167.3 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | -25.3 | 13.2 | -41.8 | -3.7 | -11.4 | 21.4 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 5.9 | -10.8 | 27.4 | 9.8 | 31.5 | 9.2 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 8.5 | -18.5 | 3.6 | -5.5 | 49.7 | 31.5 |
| **सेवाएं** | **-32.8** | **7.2** | **31.7** | **6.9** | **19.8** | **15.4** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 1.7 | 11.3 | 64.9 | -0.3 | 13.4 | 12.6 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | -5.2 | -25.2 | 16.3 | 6.0 | 29.3 | 22.2 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | -36.9 | 22.4 | 61.9 | -40.9 | -86.9 | # |

# : गुणांक ऋणात्मक, शून्य अथवा नगण्य हैं।
- : शून्य अथवा नगण्य

**विवरण 2 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों का अनुपात** *(जारी...)*

(प्रतिशत)

| वर्ष | बिक्री की तुलना में परिचालनगत लाभ | | | इक्विटी पर प्रतिलाभ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **17.6** | **18.4** | **18.7** | **18.6** | **18.3** | **19.1** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 21.1 | 22.9 | 22.4 | 10.8 | 12.8 | 14.1 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 25.0 | 24.5 | 25.4 | 17.3 | 16.7 | 15.6 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 15.0 | 15.6 | 16.2 | 22.5 | 21.1 | 22.4 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | |
| फ्रांस | 19.4 | 21.2 | 18.2 | 13.2 | 15.1 | 12.5 |
| जर्मनी | 16.2 | 16.4 | *18.0* | 23.7 | 22.7 | 30.7 |
| जापान | 14.4 | 16.2 | *17.5* | 19.6 | 18.4 | 23.5 |
| मारीशस | 23.1 | 25.3 | *25.9* | 7.2 | 9.4 | 9.6 |
| नीदरलैंड | 18.4 | 19.7 | *21.8* | 35.9 | 32.3 | 31.2 |
| सिंगापुर | 7.1 | 5.7 | *3.4* | 5.0 | 0.4 | -6.8 |
| स्विटजरलैंड | 27.3 | 25.6 | *26.6* | 33.5 | 35.5 | 36.9 |
| यूएई | 11.9 | 16.5 | *20.8* | 35.7 | -49.5 | -12.7 |
| यूके | 28.1 | 30.0 | *27.6* | 48.9 | 46.6 | 45.3 |
| यूएसए | 26.3 | 26.5 | *27.6* | 41.2 | 40.9 | 41.9 |
| अन्य | 14.2 | 13.6 | *13.4* | 16.8 | 16.1 | 16.2 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **16.3** | **17.3** | **18.7** | **24.3** | **23.0** | **25.8** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 2.7 | 4.7 | 7.9 | 4.6 | 12.1 | 30.2 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 21.9 | 23.4 | 22.9 | 43.3 | 41.5 | 33.8 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 6.6 | 5.3 | 6.2 | 11.4 | 7.1 | 10.2 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 17.2 | 18.9 | 20.1 | 32.6 | 29.7 | 30.9 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 14.6 | 13.8 | 16.4 | 27.2 | 21.3 | 24.8 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 8.9 | 7.9 | 10.5 | 5.7 | -0.1 | 8.5 |
| **सेवाएं** | **21.9** | **20.5** | **18.3** | **17.8** | **16.2** | **13.8** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 19.2 | 14.8 | 4.4 | 15.1 | 9.6 | -7.3 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 31.0 | 31.4 | 30.5 | 33.6 | 36.3 | 31.3 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 28.7 | 27.9 | 26.2 | 20.4 | 18.5 | 14.8 |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **15.7** | **15.8** | **16.3** | **16.1** | **15.5** | **16.0** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **15.5** | **15.6** | **16.1** | **22.8** | **21.6** | **22.1** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 14.0 | 13.4 | 13.8 | 43.0 | 39.9 | 43.8 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 19.1 | 18.4 | 19.0 | 26.3 | 22.2 | 24.3 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 12.5 | 14.3 | 15.3 | 27.0 | 29.7 | 29.6 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 6.5 | 6.1 | 8.7 | 23.4 | 10.7 | 20.0 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 13.2 | 13.7 | 13.6 | 20.1 | 18.8 | 20.3 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 13.9 | 13.9 | 15.1 | 13.4 | 12.4 | 15.7 |
| **सेवाएं** | **16.4** | **16.9** | **17.3** | **13.3** | **13.9** | **15.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 4.1 | 4.0 | 4.5 | 3.9 | 3.4 | 4.1 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 18.7 | 20.3 | 19.1 | 29.2 | 33.6 | 26.5 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 16.4 | 17.4 | 17.3 | 23.1 | 20.0 | 19.3 |

## विवरण 2 : एफडीआई और गैर एफडीआई कंपनियों के चुनिंदा मानदंड़ों का अनुपात *(समाप्त)*

(प्रतिशत)

| वर्ष | इक्विटी की तुलना में कुल उधार | | | बिक्री की निर्यात मात्रा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 | 2012-13 | 2013-14 | 2014-15 |
| **एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* | *3,320* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **71.9** | **77.6** | **70.3** | **10.7** | **9.5** | **8.4** |
| **एफडीआई की हिस्सेदारी-वार** | | | | | | |
| 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत | 138.4 | 148.9 | 121.1 | 9.0 | 9.0 | 8.5 |
| 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत | 91.0 | 86.2 | 93.4 | 14.3 | 10.8 | 10.8 |
| 50 प्रतिशत और उससे अधिक | 36.8 | 43.5 | 40.2 | 10.7 | 9.5 | 7.9 |
| **उत्पत्ति देश** | | | | | | |
| फ्रांस | 35.4 | 34.3 | 37.6 | 20.1 | 19.0 | 15.6 |
| जर्मनी | 9.7 | 7.6 | *6.2* | 8.4 | 9.2 | 11.2 |
| जापान | 66.0 | 82.8 | *72.4* | 11.6 | 10.4 | 9.9 |
| मारीशस | 100.0 | 99.7 | *84.8* | 7.3 | 5.0 | 4.6 |
| नीदरलैंड | 49.7 | 80.4 | *58.8* | 11.6 | 6.7 | 9.3 |
| सिंगापुर | 95.6 | 112.9 | *125.7* | 17.4 | 15.5 | 7.6 |
| स्विटजरलैंड | 11.4 | 18.4 | *15.3* | 5.9 | 7.5 | 7.7 |
| यूएई | -254.6 | # | *234.9* | 11.1 | 9.4 | 3.2 |
| यूके | 49.2 | 34.6 | *39.7* | 7.7 | 5.7 | 4.4 |
| यूएसए | 18.9 | 20.1 | *16.4* | 11.7 | 11.7 | 10.1 |
| अन्य | 100.7 | 101.3 | *91.7* | 11.0 | 10.3 | 9.3 |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **53.7** | **66.8** | **53.8** | **12.1** | **10.4** | **8.7** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 100.6 | 167.1 | 94.4 | 15.5 | 12.0 | 4.6 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 47.8 | 43.8 | 38.0 | 11.2 | 9.3 | 8.4 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 21.8 | 32.1 | 38.7 | 3.4 | 3.7 | 3.5 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 18.3 | 16.8 | 9.3 | 10.5 | 9.7 | 8.8 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 43.8 | 38.9 | 37.9 | 20.2 | 14.0 | 11.7 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 105.9 | 135.3 | 124.1 | 17.3 | 15.8 | 15.1 |
| **सेवाएं** | **64.1** | **66.9** | **66.8** | **7.5** | **7.9** | **8.0** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 199.3 | 187.0 | 159.7 | 10.0 | 12.3 | 8.9 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 29.3 | 53.4 | 43.0 | 9.1 | 6.5 | 10.1 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 69.8 | 62.3 | 51.4 | 0.1 | - | - |
| **गैर एफडीआई कंपनियां** | | | | | | |
| *नमूना कंपनियों की संख्या* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* | *250,983* |
| **कुल (कुल कंपनी)** | **65.4** | **71.3** | **72.1** | **14.8** | **15.0** | **13.5** |
| **उद्योग-वार** | | | | | | |
| **विनिर्माण** | **52.1** | **54.8** | **52.7** | **20.6** | **21.1** | **18.6** |
| खाद्य उत्पाद तथा पेय पदार्थ | 79.2 | 81.9 | 83.4 | 5.0 | 4.7 | 4.2 |
| रसायन तथा रासायनिक उत्पाद | 44.5 | 45.3 | 41.0 | 19.5 | 21.1 | 21.2 |
| रबड़ तथा प्लास्टिक उत्पाद | 86.4 | 76.8 | 64.9 | 10.7 | 10.8 | 11.5 |
| मोटर गाड़ी तथा अन्य परिवहन उपस्कर | 64.3 | 61.2 | 53.6 | 4.7 | 6.0 | 5.1 |
| मशीनरी तथा मशीनी औजार | 47.9 | 49.7 | 44.2 | 8.8 | 11.0 | 10.5 |
| विद्युत मशीनरी तथा उपकरण | 78.1 | 81.5 | 78.1 | 7.9 | 3.5 | 3.0 |
| **सेवाएं** | **60.5** | **64.5** | **67.3** | **6.3** | **5.6** | **5.9** |
| थोक तथा खुदरा व्यापार | 32.9 | 39.3 | 37.9 | 4.5 | 4.9 | 5.1 |
| कंप्यूटर और संबद्ध गतिविधियां | 82.4 | 121.8 | 116.1 | 7.4 | 6.7 | 10.2 |
| परिवहन, भंडारण और संचार | 123.9 | 120.2 | 121.6 | 0.7 | 0.5 | 1.3 |

# : गुणांक ऋणात्मक, शून्य अथवा नगण्य हैं।
- : शून्य अथवा नगण्य

## सारणी 3: एफडीआई और गैर- एफडीआई कंपनियों की देयताओं और आस्तियों की संरचना

(प्रतिशत)

| | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों की देयताओं की संरचना | | | चुनिंदा गैर-एफडीआई कंपनियों की देयताओं की संरचना | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2012-13** | **2013-14** | **2014-15** | **2012-13** | **2013-14** | **2014-15** |
| **पूंजी और देयता** | | | | | | |
| **ए. शेयरधारकों की निधि** | **40.3** | **40.4** | **41.0** | **44.2** | **43.6** | **43.9** |
| *जिसमें से,* (i) शेयर पूंजी | 11.4 | 11.5 | 11.6 | 6.2 | 6.2 | 6.2 |
| (ii) आरक्षित निधि और अधिशेष | 28.9 | 28.9 | 29.4 | 37.9 | 37.4 | 37.6 |
| *जिसमें से,* पूंजी आरक्षित निधि | 16.7 | 17.8 | 18.3 | 21.0 | 21.5 | 21.6 |
| **बी: गैर-वर्तमान देयताएं** | **23.9** | **23.3** | **23.3** | **23.4** | **23.8** | **24.3** |
| *जिसमें से,* (i) दीर्घकालिक उधार (ऋण) | 20.6 | 21.3 | 21.2 | 19.6 | 20.6 | 21.2 |
| *जिसमें से,* मियादी ऋण | 12.5 | 12.9 | 11.9 | 11.5 | 12.4 | 12.5 |
| *जिसमें से,* बैंकों से मियादी ऋण | 12.5 | 12.9 | 11.9 | 11.5 | 12.4 | 12.5 |
| **सी वर्तमान देयताएं** | **35.5** | **36.1** | **35.4** | **31.9** | **32.4** | **31.7** |
| *जिसमें से,* (i) अल्पकालिक उधार | 8.6 | 10.2 | 7.8 | 9.6 | 10.7 | 10.5 |
| *जिसमें से,* मांग पर प्रतिदेय ऋण | 4.1 | 2.5 | 2.2 | 4.2 | 3.1 | 2.9 |
| *जिसमें से,* बैंकों से | 4.1 | 2.5 | 2.2 | 4.2 | 3.1 | 2.9 |
| (ii) व्यापार देय राशि | 13.3 | 12.8 | 13.4 | 9.9 | 9.8 | 9.5 |
| **आस्तियां** | | | | | | |
| **डी गैर -वर्तमान आस्तियां** | **58.0** | **59.9** | **58.3** | **57.7** | **59.0** | **59.1** |
| *जिसमें से,* (i) सकल स्थिर आस्तियां | 51.0 | 52.8 | 51.7 | 37.0 | 37.6 | 38.9 |
| *जिसमें से,* मूर्त आस्तियां | 42.8 | 43.6 | 41.0 | 31.4 | 31.8 | 32.7 |
| (ii) गैर-वर्तमान निवेश | 6.9 | 6.4 | 7.6 | 16.3 | 16.9 | 16.7 |
| *जिसमें से,* इक्विटी निवेश/शेयर | 4.8 | 3.8 | 4.9 | 11.7 | 11.4 | 11.5 |
| (iii) दीर्घाकालिक ऋण और अग्रिम | 7.7 | 8.2 | 7.8 | 7.7 | 7.9 | 7.4 |
| **इ वर्तमान आस्तियां** | **42.0** | **40.1** | **41.7** | **42.3** | **41.0** | **40.9** |
| *जिसमें से,* (i) वर्तमान निवेश | 2.4 | 2.8 | 3.4 | 4.4 | 4.2 | 4.5 |
| (ii) इन्वेंटरी | 9.4 | 9.7 | 9.8 | 11.8 | 11.7 | 11.6 |
| (iii) व्यापार प्राप्य राशि | 11.0 | 10.5 | 10.2 | 9.9 | 9.6 | 9.4 |
| (iv) अल्पकालिक ऋण और अग्रिम | 7.6 | 7.3 | 7.3 | 7.9 | 7.4 | 7.7 |
| (v) नकदी और नकदी समतुल्य | 8.2 | 7.0 | 7.8 | 5.8 | 5.3 | 5.0 |

**सारणी 4: चुनिंदा एफडीआई और गैर-एफडीआई कंपनियों के निधियों के स्रोतों और उपयोग की संरचना**

(प्रतिशत)

| | चुनिंदा एफडीआई कंपनियों के निधियों के स्रोतों की संरचना | | चुनिंदा गैर-एफडीआई कंपनियों के निधियों के स्रोतों की संरचना | |
|---|---|---|---|---|
| **वर्ष** | **2013-14** | **2014-15** | **2013-14** | **2014-15** |
| **निधियों के स्रोत** | | | | |
| **आंतरिक स्रोत** | **39.6** | **37.6** | **29.1** | **32.2** |
| *जिसमें से,* (i) रिजर्व और अधिशेष | 10.7 | 13.6 | 12.3 | 17.9 |
| (ii) प्रावधान | 18.4 | 15.6 | 11.4 | 8.6 |
| **बाह्य स्रोत** | **60.4** | **62.4** | **70.9** | **67.8** |
| *जिसमें से,* (i) शेयर पूंजी और प्रीमियम | 12.9 | 18.5 | 17.7 | 19.8 |
| (ii) दीर्घावधि उधारियां | 21.6 | 18.4 | 25.8 | 25.8 |
| (iii) अल्पावधि उधारियां | 18.0 | -10.3 | 18.1 | 8.3 |
| (iv) व्यापार देय | 8.1 | 15.9 | 8.5 | 5.9 |
| **निधियों के स्रोत** | | | | |
| **गैर-चालू आस्तियां** | **77.8** | **52.3** | **72.5** | **62.5** |
| *जिसमें से,* (i) सकल स्थिर आस्तियां | 54.0 | 37.8 | 39.0 | 49.2 |
| (ii) गैर-चालू निवेश | 2.2 | 14.8 | 20.0 | 13.7 |
| (iii) दीर्घावधि ऋण और अग्रिम | 9.6 | 4.3 | 8.8 | 2.0 |
| **वर्तमान आस्तियां** | **22.2** | **47.7** | **27.5** | **37.5** |
| *जिसमें से,* (i) वर्तमान निवेश | 4.1 | 7.3 | 1.9 | 7.5 |
| (ii) इन्वेंटरी | 9.8 | 9.4 | 10.5 | 9.6 |
| (iii) व्यापार प्राप्तियां | 5.4 | 6.7 | 6.6 | 6.8 |
| (iv) अल्पावधि ऋण एवं अग्रिम | 4.3 | 6.2 | 3.0 | 9.6 |
| (v) नकदी और नकदी समतुल्य | -1.2 | 13.0 | 0.8 | 2.1 |